आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 07.10.2023

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में अब कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज आने–जाने के लिए मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा–मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का किया शुभारंभ।

2– राज्य में चालू खरीफ सीजन के लिए कोदो का समर्थन मूल्य बत्तीस सौ रुपए और कुटकी का समर्थन मूल्य तीन हजार तीन सौ पचास रुपए प्रति क्विंटल किया गया।

3– पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया।

4– कथित शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, नीतेश पुरोहित और आबकारी विभाग के विशेष सचिव ए.पी. त्रिपाठी की जमानत याचिका खारिज की।

युवा मितान परिवहन योजना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को घर से कॉलेज आने–जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। इस योजना से कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ होगा। इस योजना पर लगभग एक सौ दस करोड़ रुपए का आर्थिक व्यय भार आएगा, इसमें से आधा भार राज्य शासन द्वारा और आधा व्यय बस संचालकों द्वारा छूट के तौर पर वहन किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दूर–दराज से कॉलेज पढ़ने के लिए आने–जाने में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थी वेबसाईट पर कॉलेज और रूट के साथ बस पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वीकृत छात्र लॉग इन कर क्यूआर कोड युक्त अपना बस पास डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं। बस कंडेक्टर द्वारा पास की जांच कर विद्यार्थियों को घर से महाविद्यालय और महाविद्यालय से घर ले जाया जाएगा।

कोदो–कुटकी–समर्थन मूल्य

प्रदेश में कोदो और कुटकी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। चालू खरीफ सीजन के लिए कोदो का समर्थन मूल्य तीन हजार रुपए से बढ़ाकर बत्तीस सौ रुपए और कुटकी का समर्थन मूल्य इकतीस सौ रुपए से बढ़ाकर तीन हजार तीन सौ पचास रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल रायपुर में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि वितरण कार्यक्रम में की।

मंत्रिमंडल–निर्णय

प्रदेश में महुआ के संग्रहण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य महुआ बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में एक जनवरी दो हजार चार अथवा उसके बाद नियुक्त अधिकारियों–कर्मचारियों के लिए नई अंशदान पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इससे स्टेट पॉवर कंपनी के करीब दस हजार अधिकारी–कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन अध्यादेश के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा महासमुंद जिले की ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत, अम्बागढ़ चौकी को नगर पालिका तथा नवागढ़ को नगर पालिका परिषद बनाये जाने के लिए निर्धारित मापदंड में छूट प्रदान करने का भी निर्णय

लिया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली अधिकारियों–कर्मचारियों पर एस्मा कानून के तहत बर्खास्तगी संबंधी कार्यवाही को शून्य घोषित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

रमन सिंह–प्रधानमंत्री पत्र

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी की भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई से करवाने का आग्रह किया है। डॉक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में पीएससी परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि पीएससी की परीक्षा में हर साल बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल होते हैं। लेकिन, इस परीक्षा में अनियमितता बरते जाने से प्रदेश के युवाओं में भारी निराशा और आक्रोश है।

डॉक्टर सिंह ने बताया कि भाजपा विधायक ननकीराम कंवर ने इस मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने राज्य सेवा परीक्षा–दो हजार बाईस में चयनित अट्ठारह अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक लगाने को कहा है, जिनमें से पांच अभ्यथियों की नियुक्ति हो चुकी हैं और वर्तमान में कुल तेरह की नियुक्ति पर रोक लगी है।

केंद्रीय राज्यमंत्री–कांकेर

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हुए विकास कार्यों और केन्द्र की एनडीए सरकार के गरीब और किसान हितैषी निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाने की जरूरत है। आज कांकेर में आयोजित एक कार्यक्रम में सुश्री यादव ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी से आम जनता त्रस्त हो गई है। कांग्रेस ने राज्य में विकास का कोई भी कार्य नहीं किया है।

हाईकोर्ट–याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाला मामले में कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, नीतेश पुरोहित और आबकारी विभाग के विशेष सचिव ए.पी. त्रिपाठी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कल दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका को खारिज कर दिया। कुछ माह पहले इन सभी आरोपियों को प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अनवर ढेबर, ए.पी. त्रिपाठी और अनिल टुटेजा से करीब एक सौ इक्कीस करोड़ सतयासी लाख रूपये की अचल संपत्ति अटैच की गई है।

मुख्य न्यायाधीश–कबीरधाम

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल जिला और सत्र न्यायालय कबीरधाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिवक्ताओं ने पार्किंग की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि जल्द ही पार्किंग के लिए भूमि का सीमांकन कराया जाएगा और कमियों को शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री–अंबेडकर प्रतिमा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अंबेडकर चौक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा के स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबेडकर जी की वर्तमान मूर्ति बहुत पुरानी और खण्डित हो गई है, इसलिए इसके स्थान पर नई मूर्ति की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने जो रास्ता दिखाया है, उसी रास्ते पर चलकर हम समाज और देश को

आगे ले जा सकते हैं। अंबेडकर जी ने जो संविधान दिया है, वह सभी देशवासियों के लिए सबसे बड़ी ताकत है।

मुख्यमंत्री–पाटन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन में आयोजित कार्यक्रम में लगभग साढ़े पचपन करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में चिटफंड कंपनी से संबंधित तीन हजार सात सौ से अधिक निवेशकों की जमा राशि लौटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कार्यक्रम में उन्होंने चार निवेशकों को राशि का चेक प्रदान किया।

ट्रेन परिचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा नागपुर–शहडोल–नागपुर दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन नागपुर से कल आठ अक्टूबर और शहडोल से परसों नौ अक्टूबर से किया जाएगा। यह ट्रेन व्हाया कटनी–जबलपुर–नैनपुर–छिंदवाड़ा मार्ग से चलेगी। इससे रूट पर नागपुर तक यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। शहडोल क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी समय से इसकी मांग की जा रही है। इस ट्रेन का विधिवत शुभारंभ शहडोल रेलवे स्टेशन से बीते पांच अक्टूबर को किया गया था।

जवान–रिहा

बीजापुर जिले में बीते उनतीस सितंबर को अगवा किए गए बस्तर फाइटर के जवान शंकर कुड़ियां को माओवादियों ने कल शाम रिहा कर दिया। इस जवान को आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के सामने सशर्त रिहा किया गया है। आदिवासी समाज, परिजन और बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने वीडियो जारी कर जवान की सकुशल रिहाई के लिए अपील की थी।

अंशकालिक संवाददाता–आवेदन

आकाशवाणी समाचार, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सात जिलों– रायपुर, सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई और गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही से अनुबंध के आधार पर अंशकालिक संवाददाताओं के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन प्रपत्र, समाचार सेवा प्रभाग की वेबसाइट– डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन के वैकेंसी सेक्शन और आकाशवाणी समाचार, रायपुर के ट्विटर हैंडल – सीजी एआईआर न्यूज से भी डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन–पत्र आगामी बारह अक्टूबर तक रजिस्टर्ड पोस्ट या स्पीड पोस्ट के माध्यम से रायपुर के सिविल लाइन स्थित, आकाशवाणी केन्द्र उप–महानिदेशक (अभियंत्रण) सह केन्द्राध्यक्ष के नाम से भेजा जा सकता है।

हल्बी / गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बलरामपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– आज राजधानी रायपुर के रावणभाटा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में किसान नेता योगेश तिवारी और उनके साथियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

– राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान के अंतर्गत कार्यरत सक्रिय महिला, रिसोर्स बुक कीपर, पीआरपी, बैंक सखी, पशु सखी और उद्योग सखी के मानदेय में सत्ताईस प्रतिशत की वृद्धि की है।

– कोंडागांव जिले के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

– कोरबा जिले के उरगा–हाटी मार्ग पर कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

– दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में पूरक परीक्षा के लिए अब तक करीब इक्कीस हजार आवेदन हुए हैं। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दस अक्टूबर है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>